6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

अमर उजाला

वर्ष 54 | अंक 263 | पृष्ठ 24 | मूल्य : सात रुपये

बरेली | रविवार, 30 अक्तूबर 2022 | कार्तिक शुक्ल-षष्ठी • विक्रम संवत-2079

दूसरे दिन भी गाजियाबाद का दबदबा

69वीं स्टैग यूपी स्टेट टेबल टेनिस : अंडर-17 के दूसरे राउंड में यूपी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अभिवीर नंदा हुए बाहर

एसआरएमएस में यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज में चल रही 69वीं स्टैग यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन राउंड-2 से सेमीफाइनल तक के मैच खेले गए। अंडर- 17 बालक वर्ग का दूसरा राउंड काफी दिलचस्प रहा। यूपी में प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अभिवीर नंदा को कानपुर के अद्वित गुप्ता ने 3-1 से हराकर बाहर कर दिया।

मेन्स क्वार्टर फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश ने गाजियाबाद के फैजल अली को 3-1 से हराया। गाजियाबाद के सार्थक सेठ ने गाजियाबाद के ही शिवम चंद्रा को 3-0, कानव कौशिक ने अर्चित जय को 3-2 और सार्थ मिश्रा ने धैर्य सिंघल को 3-0 से परास्त किया। वुमंस क्वार्टर फाइनल में लखनऊ की गुनगुन साहू ने गाजियाबाद की मीता दीक्षित को 3-1 से हराया। गाजियाबाद की दिशा ने अवनि त्रिपाठी को 3-0, सुहानी महाजन ने मल्लिका दीक्षित को 3-0 और आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को 3-1 से मात दी।

यूथ बालक वर्ग क्वार्टर फाइनल में गौतमबुद्ध नगर के अक्षत त्यागी ने धैर्य सिंघल को 3-1 से हराया। लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के अभिवीर नंदा को 3-0 से हराया। गाजियाबाद की शिवम चंद्रा ने सार्थ मिश्रा को 3-1, अर्चित जैन ने गौतमबुद्ध नगर के श्रीधर जोशी को 3-1 से मात दी।

बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने दिशा को 3-0 और गाजियाबाद की आरती चौधरी ने प्रयागराज की अंबिका गुप्ता को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जूनियर बालक वर्ग के सेमीफाइनल में आगरा के मौलिक ने प्रयागराज के आर्यन को 3-1 और गाजियाबाद के आर्निस ने गाजियाबाद के अर्चित को 3-2 से हराया।

बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने मीता दीक्षित को 3-2, अवनि त्रिपाठी ने आगरा की सुहानी को 4-1, अनिका ने गाजियाबाद की याशिका को 3-2 और दिशा ने प्रयागराज की वैष्णवी को 3-1 से हराया।

बैकहैंड अटैक करना मुझे पसंद

छह सालों से रोजाना प्रयास कर अंडर-15 के शीर्ष स्थान पर हूं। मुझे

श्रीजा अकुला का गेम बहुत पसंद है। अब सपना है कि हर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करूं और देश का गौरव बनूं।

अवनि त्रिपाठी, गाजियाबाद

यह खेल माता-पिता की पसंद

मेरी हर प्रतियोगिता मुझसे ज्यादा उनके लिए खास होती है। अभी मैं



भारत में तीसरे स्थान पर हूं। मेरा लक्ष्य है कि साल के अंत तक पहले स्थान पर समाप्त करूं। इसी के साथ आने वाले समय में मानुश्री पाटिल की तरह खेल सकूं।

- दिव्यांश श्रीवास्तव, लखनऊ

पांच सालों से शहर की एक एकेडमी में कर रहा अभ्यास

शुरुआत तो पिता को देखकर शौक में

की थी लेकिन अब इसी खेल में भविष्य बनाना चाहता हूं। यह प्रतियोगिता काफी अहम है। कई खिलाड़ियों से नए-नए तरीके सीखने को मिल रहे हैं। प्रतियोगिता में जीतने से ज्यादा सीखने पर फोकस है।

- वरुण चावला, बरेली

पहली बार एक स्कूल की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

बस वहीं से बढ़ते-बढ़ते ऑल

इंडिया रैंकिंग में प्रथम दस में पहुंच सका। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का मौका मिला। बस जापान के टोमोकाजू हरिमोटो की तरह अपने देश की शान बनना चाहता हूं।

- सार्थ मिश्रा, गाजियाबाद